गंगा एक्सप्रेसवे

अमेरिका की बॉल इंडिया कंपनी लगाएगी कैन बनाने का प्लांट, कार्यक्रम के लिए पंडाल तैयार

औद्योगिक गलियारे में लगने लगे उद्योग, पूजन आज

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। बिजौली गांव में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारे में उद्योग लगाने की नींव रखी जा रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल माध्यम से इंटीग्रेटेड मेन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) में अमेरिका की बॉल इंडिया कंपनी के प्लांट का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगे।

कंपनी की ओर से पेय पदार्थों के लिए कैन तैयार किए जाते हैं। मंगलवार देर रात तक कार्यक्रम की तैयारियां चलती रहीं। सुबह दस बजे भूमि पूजन होगा। यहां मंच पर लगी बड़ी स्क्रीन पर सीएम योगी वर्चुअल शामिल होंगे। वहीं, कंपनी अपनी

मंच पर लगी बड़ी स्क्रीन पर वर्चुअल रहेंगे सीएम, कंपनी पेश करेगी रिपोर्ट



रिपोर्ट भी पेश करेगी। भूमि पूजन के लिए कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल लगाया गया है, जिसमें 100 से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इस गलियारे में अमेरिका के अलावा अन्य कई देशों की कंपनियां भी निवेश के प्रस्ताव दे चुकी हैं। आने वाले समय में यह देश के सबसे बड़े औद्योगिक गलियारों में शामिल होगा।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे मेरठ समेत 11 जनपदों में औद्योगिक गलियारा विकसित करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में मेरठ जिले में 506 हेक्टेयर भूमि पर गलियारा विकसित किया जाना है।

फिलहाल प्रशासन खरखौदा-बिजौली के किसानों से लगभग 212 हेक्टेयर भूमि कब्जे में ले पाया है। इस पर उद्योगों की स्थापना का काम शुरू किया गया है।

प्लांट से पूरे देश में होगी सप्लाई

बताया जा रहा है कि कंपनी के इस प्लांट में एल्युमीनियम से पेय पदार्थों के कैन बनाए जाएंगे। इनकी सप्लाई पूरे देश में की जाएगी। इससे प्रदेश के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। कार्यक्रम में बॉल कॉरपोरेशन की ईएमईए और एशिया की अध्यक्ष मैंडी ग्ल्यू तथा एशिया के क्षेत्रीय वाणिज्यिक निदेशक मनीष जोशी शामिल होंगे। औद्योगिक क्षेत्र में इस परियोजना को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे मेरठ की औद्योगिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।